



## एक नजर में

### आर्यिका श्री विज्ञाश्री माताजी के ससंघ सान्निध्य में श्री जिनसहस्रनाम महाअर्चना विधान संपन्न



**मन्दसौर।** परम पूज्य भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका 105 श्री विज्ञाश्री माताजी ससंघ के पावन सान्निध्य में श्री महावीर जिनालय दिगंबर जैन नया मंदिर जनकूपुरा में श्री जिनसहस्रनाम महाअर्चना विधान का भव्य आयोजन किया गया। जिनालय ट्रस्ट प्रवक्ता भरत कुमार कोठारी ने बताया कि पूजा के उपरांत गुरु मां का मंगल उद्बोधन हुआ । विधान की शुरुआत जिनेन्द्र भगवान के अभिषेक के साथ हुई, 11 वलय की 11 शांतिधारा, 25 दीपक, 25 श्रीफल एवं मण्डल पर 1008 बादाम चढ़ायें गये, इसी के साथ विश्वशांति हेतु हवन भी किया गया। पूज्य आर्यिका मां ने सभी भक्तों को मंगल आशीर्वाद देते हुए कहा की श्रद्धा पूर्वक कीये गए धर्म कार्य पुण्य प्रदान करते हैं। सांयकाल आर्यिका मां के मुखारविंद से आनंद यात्रा का आयोजन हुआ। विधान, पूजन हेतु सम्पूर्ण द्रव्य पुण्यार्जक अजमेरा परिवार रहे। प्रभावना श्रीमती हरकूबाई पाटनी गोटावाला परिवार व डॉ मनसुख़लाल डॉ संजय गांधी परिवार द्वारा वितरित की गई। इस विधान में निर्मल कुमार मंजू झाँझरी ने सौधर्म इंद्र, भूपेंद्र सुलोचना कोठारी ने यज्ञ नायक, डॉ महेंद्र अनुरेखा पाटनी ने कुबेर इंद्र राजकुमार टीला पाटनी ने ईशान इंद्र, अशोक अनीता पांडीया ने सनत कुमार इंद्र, महावीर उषा पाटनी ने महेंद्र इंद्र बनकर विधान पूजन में भाग लिया।

### विधायक सिसोदिया की गरिमामयी उपस्थिति में भैसोदा नगर परिषद में मनाया गणतंत्र दिवस



**गरोठ।** भैसोदा नगर परिषद में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक चंदर सिंह सिसोदिया रहे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। नगर परिषद परिसर में प्रात: 8 .30 बजे नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती गायत्री अजय पौराणिक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात स्काउट-गाइड विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरिश शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से की गई। ध्वजारोहण के पश्चात शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर स्वच्छता, राष्ट्र निर्माण एवं नागरिक सहभागिता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले स्वच्छताकर्मियों का सम्मान कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

# पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर राष्ट्रव्यापी हड़ताल





**मन्दसौर।** पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस के आव्हान पर आज राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल के तहत जिले की सभी राष्ट्रीयकृत बैंक शाखाओं के ताले नहीं खुले । साथ ही, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की भी राष्ट्रव्यापी हड़ताल के कारण जिले की सभी ब्रांचेस बंद रही। इस दौरान गांधी चौराहा पर बड़ी संख्या में एकत्रित होकर सभी बैंक कर्मचारी अधिकारीयों ने जोरदार किंतु शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया एवं जोशीले अंदाज में नारेबाजी की।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कई महीनों से इंडियन बैंक एसोसिएशन, वित्त विभाग भारत सरकार से 5 दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर बातचीत चल रही है। इंडियन बैंक्स एसोसिएशन द्वारा सहमत होने के बाद भी वित्त विभाग भारत सरकार द्वारा केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं। निर्णय नहीं होने के कारण बैंकर्स में आक्रोश व्याप्त हो गया है।

वक्ताओं ने यह भी कहा कि आर बी आई, नाबार्ड, एल आई सी, जी आई सी, स्टॉक मार्केट जैसे कई महत्वपूर्ण वित्त संस्थानों में 5 दिवसीय वर्किंग सप्ताह लागू किया जा चुका है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार के भी कई विभाग में 5 दिवसीय कार्य सप्ताह लागू है। वर्तमान में विश्व में चल रहे बदलाव, वर्क - लाइफ बैलेंस, कार्य पद्धति आदि अनेक कारण हैं, जिसके कारण बैंक्स में भी इसकी सख्त जरूरत है ।

यूनियन ने इसके बदले में प्रतिदिन 40 मिनट अतिरिक्त कार्य समय बढ़ाने को तैयार है। फिर भी केंद्र सरकार द्वारा जानबूझकर बैंकिंग इंडस्ट्री की मांग को अनदेखा किया जा रहा है।

वक्ताओं ने यह भी कहा कि यूनियन का ग्राहकों को असुविधा पहुंचाने का कोई उद्देश्य नहीं है, किंतु लंबे समय से चल रही बातचीत का कोई हल न निकलने तथा सरकार की मांग पर पहले भी कई बार हड़ताल को स्थगित करने पर भी कोई निर्णय नहीं होने पर मजबूर होकर हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया। वित्त विभाग से पुरजोर तरीके से सकारात्मक निर्णय लेकर 5 दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की मांग की है।

प्रदर्शन को रमेशचंद जैन, नरेंद्र सिंह राठौड़, भरत मालव, गोपाल कृष्ण मोड़, शिव राजेंद्र शास्ता, निलेश परिहार, वीरेंद्र भावसार, आशीष जोशी, मुकेश पाठक, संतोष गुर्जर, प्रज्ञा जैन, सुनील जैन, पीयूष सेठिया, विपिन यादव, भोलेश पाठक, शशांक रायजादा, रवि गेहलोद, मोहित राठौर, सौरभ जैन, प्राची कुलकर्णी, गोवर्धन चौहान, खुशबू श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया।

प्रदर्शन में मनीष मीणा, गोपाल परमार, मुकेश कुमावत, रमेश देवड़ा, जसवंत, मनीष जैन, विपुल जैन, महेश मोदी, नरेंद्र श्रीवास्तव, रैकवार, रोहित बोरीवाल ,अजय सिंह, कमल सिंह सिसोदिया, जितेंद्र सिंगार, विजय मांझी, रोहित पाटीदार, अक्षय जैन, कृतिका वाघेला, संगीता पाटीदार, दीपक परमार, शीतल राजपुरोहित, तरुण हाडा, बालूसिंह चौहान, दर्पेश नीमे , सिद्धांत पंवार, प्रिया कोदवानी, सोनम गुप्ता, अलिना अख्तर, अजया चंद्रावत, आरती चौधरी, अंगूर बाला, दिव्या चौहान, नीलिमा, चिंगोर , सुरेश पाल, संजय सेठिया, पंकज राठौड़, राजकुमार मौर्य, संजय शुक्ला, गोवर्धन अटेलिया, नरेंद्र चौहान, अशोक फरक्या, राहुल गुप्ता, मनीष धनोतिया, रितेश सोहिल, ओम प्रकाश पाटीदार, शिव कुमार मीणा, हितेंद्र परमार, मुकेश माली, पवन नायेड सहित कई बैंक कर्मी उपस्थित रहे।

प्रदर्शन का संचालन गजेंद्र तिवारी ने किया तथा आभार कन्हैयालाल पारुंडलिया ने माना।



# भानपुरा में ई-टोकन से खाद वितरण का शुभारंभ

▶ **किसानों को मिलेगी पारदर्शी व समयबद्ध सुविधा**

**भानपुरा।** मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित लोटखेड़ी भानपुरा में किसानों को उर्वरक वितरण को सुगम एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से खाद वितरण का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि रथ के माध्यम से प्रतिदिन तीन ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर किसानों को विभिन्न योजनाओं एवं नवीन कृषि तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। कृषि रथ के जरिए प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, सॉइल हेल्थ कार्ड, ई-कृषि विकास प्रणाली, पराली प्रबंधन सहित विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

विकासखंड भानपुरा में उर्वरक वितरण हेतु ई-कृषि विकास प्रणाली के अंतर्गत ई-टोकन व्यवस्था लागू कर दी गई है। इस व्यवस्था के माध्यम से किसानों को उर्वरक की उपलब्धता सुगमता, पारदर्शिता एवं समय पर सुनिश्चित की जाएगी। अब किसान टोकन के माध्यम से ही उर्वरक प्राप्त कर सकेंगे। कृषि विभाग के स्थानीय अधिकारी किसानों को प्रत्यक्ष रूप से इस नई व्यवस्था की जानकारी दे रहे हैं। विभाग एवं प्रशासन का दावा है कि ई-टोकन प्रणाली से किसानों को कतारों में लगने से राहत मिलेगी तथा समय पर खाद उपलब्ध हो सकेगी। सोमवार को भी ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरण किया गया।



### भारत पर्व कार्यक्रम में हुई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**मंदसौर।** गणतंत्र दिवस की संध्या में लोकतंत्र का लोकोत्सव ''भारत पर्व'' का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम पर हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ किया।

श्री कबीर मालवीय, उज्जैन द्वारा देशभक्ति एवं लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। धार जिले के लखन द्वारा लोक नृत्य भगोरिया पर प्रस्तुती दी गई। श्रोताओं ने मंत्रमुग्ध होकर इन सभी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का रसास्वादन किया। कार्यक्रम के पश्चात बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, समाज सेवियों एवं विभागों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

**एक नजर** ▶ कर्मचारियों को किया पुरस्कृत, नपा के जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण भी हुए शामिल

## नपाध्यक्ष गुर्जर ने नपा कार्यालय भवन पर ध्वजारोहण किया



**मन्दसौर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नपा कार्यालय भवन पर नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। नपा परिषद की ओर से 10 स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम हुए। मुख्य कार्यक्रम नपा कार्यालय भवन पर आयोजित हुआ जिसमें नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर की गरिमामय उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नपा के अधिकारीगण, कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने इस मौके पर कहा कि गणतंत्र दिवस पर हम सभी देश के लिये समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लें। मंदसौर नगर के नागरिकगण अपने आसपास स्वच्छता बनाये रखें तथा जहां भी आवश्यकता हो अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत रहे। आपने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी देश के लिये जिस समर्पण, मिशन से काम कर रहे हैं वह हमारे लिये प्रेरणादायी है। हमें मोदी ने देश को आगे बढ़ाने के लिये जो मंत्र दिये है हम उनके अनुरूप कार्य करें।

राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने नपा के जनप्रतिनिधियों के आग्रह पर अपने विचार रखते हुये कहा कि देशभक्ति की भावना से हम संकल्पित होकर देश के गौरव एवं मान सम्मान को बढ़ाने का कार्य करें।

## नीमच

## एक नजर में

### कलेक्टर ने कलेक्ट्रोरेट में तिरंगा फहराया



**नीमच।** जिले में गणंत्रत दिवस पूरी गरिमा एंव हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न विभागों के जिला कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुखों द्वारा झंडा वंदन के कार्यक्रम आयोजित किए गये। कार्यालय प्रमुखों द्वारा अपने-अपने कार्यालयों में तिरंगा फहराया गया और राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया गया। गणंत्रत दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के साथ ही शासकीय कार्यालय भवनों, सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय स्मारकों पर आकर्षक रौशनी भी की गई। जिला कलेक्टर कार्यालय नीमच में 26 जनवरी 2026 को आयोजित समारोह में जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने सामूहिक राष्ट्रगान गाया, तथा पुलिस की टुकडी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

### विक्रम सीमेंट वर्क्स खोर एवं आदित्य बिड़ला स्कूल ने धूमधाम से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस





**खोर।** विक्रम सीमेंट वर्क्स खोर, आदित्य बिड़ला हायर सेकेंडरी स्कूल एवं दी आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस समारोह संयुक्त रूप से विक्रम नगर खोर स्थित आर्यमान प्लेग्राउंड पर हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि माननीय श्री अवासा मिश्रा ( यूनिट हेड-विक्रम सीमेंट वर्क्स एवं चेयरमैन, आदित्य बिड़ला स्कूल्स) ने ध्वजारोहण किया। तदोपरांत विद्यार्थियों एवं विक्रम सीमेंट के सुरक्षा विभाग की टुकड़ी द्वारा भव्य मार्च पास्ट कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों एवं विक्रम सीमेंट के ग्रामीण विकास, अग्नि सुरक्षा, मैकेनिकल, माइंस एवं प्रोसेस विभाग द्वारा आकर्षक एवं प्रेरक झांकियाँ भी प्रस्तुत की गई। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति एवं सामाजिक विशेषताओं को सुंदर रूप में प्रदर्शित किया। मुख्य अतिथि श्री अवासा मिश्रा ने अपने उद्बोधन में उपस्थित जनसमूह को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए सभी से देश के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने एवं सकारात्मक सोच के साथ निरंतर प्रगति की ओर बढ़ने का आह्वान किया। उन्होनें विकम सीमेंट संयंत्र द्वारा तकनिक, उत्पादन, कर्मचारी कल्याण एवं सामाजिक कल्याण क्षेत्र में किये जा रहे नवाचारों का विस्तृत वर्णन भी किया । आयोजन में शिक्षा, खेलकूद, विज्ञान एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं विक्रम सीमेंट वर्क्स में श्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों को मुख्य अतिथि महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की विशेष अतिथि श्रीमती ममता मिश्रा (अध्यक्षा-राजश्री महिला मंडल) रहीं।

# जिले में गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया

▶ **प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने नीमच में गणतंत्र दिवस समारोह में भव्य परेड की सलामी ली**



**नीमच।** देश एंव प्रदेश के साथ-साथ सम्पूर्ण नीमच जिले में भी 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस पूरी गरिमा, परम्परागत हर्षोउल्लास एंव राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर जिले के विभिन्न शासकीय अर्द्धशासकीय कार्यालयों संस्थाओं तथा विद्यालयों में झंडा वंदन के कार्यक्रम आयोजित कर तिरंगा फहराया गया। जिला मुख्यालय नीमच पर गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने झंडा वंदन कर मार्च पास्ट परेड की सलामी ली और प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री श्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। शा.बा.उ.मा.वि.क्र. 2 नीमच में आयोजित समारोह में प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने कलेक्टर श्री चंद्रा एवं एस.पी. श्री अंकित जायसवाल के साथ खुली सफेद जीप्सी पर सवार होकर आयोजित भव्य परेड का निरीक्षण किया। आकाश में शाति के प्रतिक रंग बिरंगे गुब्बारे भी छोडे गये।

समारोह में म.प.पुलिस बैण्ड की मधुर धुन के साथ तीन हर्ष फायर किए गये तथा परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक श्री विक्रमसिह भदोरिया सेकण्ड परेड कमाण्डर सुबेदार श्री सुरेश सिसोदिया के नेतृत्व में मार्चपास्ट परेड ने सलामी दी। इस आकर्षक भव्यपरेड में सबसे आगे निरीक्षक श्री बालाराम सोनार्थी के नेतृत्व में एसएएफ की प्लाटून एवं उप निरीक्षक श्री असलम पठान के नेतृत्व में जिला पुलिस बल की प्लाटून चल रही थी। उसके बाद क्रमश: उपनिरीक्षक श्री सपना राठौर के नेतृत्व में जिला पुलिस बल की टुकडी, उप निरीक्षक श्री जोगेन्द्र नाथ योगी के नेतृत्व में नगर सेना की टुकड़ी, वन रक्षक श्री कोमल सिंह चंद्रावत के नेतृत्व वन विभाग की प्लाटून एवं श्री युवराज सिंह के नेतृत्व में एनसीसी सीनीयर के प्लाटून ने भव्य परेड प्रस्तुत की। परेड के दूसरे समूह में सुश्री विकी यादव के नेतृत्व में प्लाटून गाईड दल, जुनियर सी.एम. राईज स्कूल, श्री वैभव शर्मा के नेतृत्व में उत्कृष्ट स्कूल के स्काउड दल, सुश्री तरुणा यादव के नेतृत्व में शा.क.उ.मा.वि. नीमच सिटी के रेडक्रास दल, श्री हर्ष यादव के नेतृत्व में शा.बा.मा.वि. नीमच के 2 के रेडक्रास दल, सुश्री महक राजपूत के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग के शौर्यादल एवं प्रधान आरक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में जिला पुलिस बल नीमच के वैण्ड की प्लाटून ने परेड में भाग लिया।

अधिकारी कर्मचारियों, पुलिस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 88 अधिकारी कर्मचारियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरुस्कृत किया। विभिन्न 14 विभागों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई।

मार्चपास्ट परेड के लिए नगर सेना के प्लाटून को प्रथम, एस.ए.एफ. की प्लाटून को व्दितीय एवं म.प्र.जिला पुलिस की प्लाटून को तृतीय पुरुस्कार प्रदान किया गया। मार्च पास्ट परेड में स्काउट के व्दितीय समूह में रेडक्रास दल शा.क.उ.मा.वि.नीमच नगर को प्रथम सी.एम.राईज स्कूल नीमच के गाईड दल को व्दितीय एवं शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. नीमच स्काउट दल की प्लाटून को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।






## जिले की बैंकों में पूर्ण हड़ताल रही, बैंकों के ताले भी नहीं खुले

**नीमच।** यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आव्हान पर देशभर के आठ लाख से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण हडताल पर रहे। इसी तारतम्य में नीमच जिले की बैंकों में भी पूर्ण हडताल रही। बैंकों के ताले तक नहीं खुले।

नीमच में पंजाब नेशनल बैंक की टैगोर मार्ग शाखा के समक्ष जिले भर के बैंक कर्मचरी अधिकारी एकत्रित हुए और अपनी मांग के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के जिला अध्यक्ष किशोर जेवरिया, सचिव सतीश भटनागर ने कहा कि केन्द्र सरकार के सभी कार्यालयों, रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया, जीवन बीमा, सामान्य बीमा एवं अन्य विभागों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू है। बैंक कर्मचारियों को विगत पांच वर्षो से इसे लागू करने की बात कही जा रही है। दिसम्बर 2023 में इसे लागू करने के लिये आईबीए और बैंक कर्मचारियों के बीच सहमति बनी थी। आईबीए ने सहमति के आधार पर केन्द्र सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग को 5 दिवसीय कार्य सप्ताह की सिफारिश का प्रस्ताव भेज दिया था। उसके बाद कई बार इसे स्मरण दिलाया गया परन्तु कोई प्रगति नहीं हुई। बैंक कर्मचारियों ने 27 जनवरी को अखिल भारतीय बैंक हडताल की घोषणा की। हडताल टालने के केन्द्रीय श्रम आयुक्त, वित्त मंत्रालय के अधिकारियों व बैंक कर्मचारियों के बीच 20-21 जनवरी को हुई बैठक में भी कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकलने पर यह हडताल की गई।

**एक नजर** ▶ नीमच में भारत पर्व में ढिमरयाई लोकनृत्य एवं कबीर भजनों का दर्शको और श्रोताओं ने किया करतल ध्वनि से स्वागत

# कबीर भजनों को सुनकर मंत्र मुग्ध हुए श्रोतागण



**नीमच।** लोकतंत्र का उत्सव भारत पर्व 26 जनवरी 2026 की शाम को टाऊनहॉल नीमच में आयोजित किया गया। भारत पर्व में संस्कृति विभाग, स्वराज संस्थान संचालनालय भोपाल के कलाकारो द्वारा आकर्षक मनमोहक लोक नृत्यों और सुमधुर कबीर भजनों की प्रस्तुति ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया और दर्शकों ने इन प्रस्तुतियों का करतल ध्वनि से स्वागत किया। इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा भी देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

लोकतंत्र के उत्सव भारत पर्व में संस्कृति विभाग, स्वराज संस्थान संचालनालय भोपाल के कलाकारों के दलों द्वारा देशभक्ति पूर्ण गीतों एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। भारत पर्व में संस्कृति विभाग के कलाकार देवास के श्री देवकरण मालवीय एवं सात सदस्यीय कलाकारों के दल द्वारा प्रस्तुत सुप्रसिद्ध कबीर भजनों का संगीतमय गायन सुनकर श्रोतागण मंत्र मुग्ध हो गए। सिरोंज के ढिमरयाई लोकनृत्य कलाकार सूरज केवट एवं 10 सदस्यीय दल ने ढिमरयाई लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी जिसे उपस्थित जन समुदाय ने खूब सराहा ।

प्रारंभ में विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार नीमच, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल एवं श्री हेमंत हरित तथा एडीएम श्री बीएस कलेश, एसडीएम श्री संजीव साहू डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्र सिंह धार्वे, जिला पंचायत सीईओ श्री पराग जैन आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर भारत पर्व कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने संस्कृति विभाग के कलाकारों का पुष्पहारों से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री मंजुला धीर ने किया तथा अंत में नीमच सीएमओ सुश्री दुर्गा बामनिया ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के विकास एवं विभिन्न योजनाओं उपलब्धियां पर आधारित प्रदर्शनी भी जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में विधायक श्री परिहार एवं अतिथियों ने समारोह में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार भी प्रदान किए। इस अवसर पर श्री निलेश पाटीदार श्रीमती हेमलता धाकड़ पार्षदगण जनप्रतिनिधि विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी स्कूली छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।